अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकराई, 3 घायल

गंगापुर सिटी । बाटोदा थाना इलाके की बरनाला रोड स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में 3 युवक घायल हो गए। कार की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि बिजली के पोल के तीन टुकडे हो गए और कार का पिछला टायर खुलकर अलग हो गया।

बाटोदा थानाधिकारी विवेक हरसाना ने बताया की एक अल्टो कार में मलारना चोड निवासी पिंटू पुत्र विनोद हरिजन, विनोद पुत्र रामू हरिजन, अर्जुन पुत्र लालू हरिजन निवासी बाटोदा और रवि बरनाला के एक तालाब में नहाकर वापस आ रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। गाडी की गति अधिक होने के कारण पोल के तीन टुकडे हो गए। वहीं कार का पीछे का पहिया खुलकर अलग हो गया। दुर्घटना में पिंटू, विनोद और अर्जुन घायल हो गए। सूचना के बाद बाटोदा थानाधिकारी विवेक हरसाना मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस और साधनों की कमी के चलते बमुश्किल निजी वाहन द्वारा घायलों को बाटोदा अस्पताल लाया गया।

संविदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन अवकाश 14 वें दिन भी जारी रहा

करौली (निंसं.)। करौली ब्लॉक के महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत वर्तमान में कार्यरत संविदा कार्मिक नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर गत 5 मई से कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन अवकाश पर रहकर धरना पर बैठे हुए हैं।लेकिन सरकार उनकी मांगों पर विचार करने को अभी तक गंभीर नहीं है ।

महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ के घनश्याम कड़वासरा, दिनेश कुमार मीणा, सुधाकर जैन, अशोक कुमार वैष्णव, गोपाल जोशी,कमलेंद्र मीणा, इमरान खान,पवन गुर्जर आदि ने बताया कि विगत 17 वर्षों से विभिन्न पदों रोजगार सहायक,कंप्यूटर ऑपरेटर मय मशीन कंप्यूटर ऑपरेटर मय मशीन प्लेसमेंट एजेंसी,डाटा एंट्री ऑपरेटर,लेखा सहायक,कनिष्ठ तकनीकी सहायक, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, आई ई सी समन्वयक, पर्यवेक्षक समन्वयक,सहायक कर्मचारी आदि

करौली पंचायत समिति परिसर मे मांगों को लेकर धरने पर बैठे नरेगा संविदा कार्मिक।

पदों पर संविदा कार्मिक कार्यरत है। जो अनवरत सरकार की योजनाओं को इमानदारी से ग्रामीणो तक पहुंचा कर लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार को कई आंदोलनों एवं ज्ञापनो के माध्यम से अपनी वेदना सरकार तक पहुंचाने पर भी सरकार द्वारा कार्मिकों के मांगो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ना ही अपेक्षित कार्यवाही की जा रही है। इसलिए समस्त कार्मिकों द्वारा एक बार पुन: अपनी वेदना को दृष्टिगत करते हुए कार्य का बहिष्कार कर एवं अनिश्चितकालीन अवकाश पर रहकर धरना पर बैठे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि यदि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो कार्य बहिष्कार एवं अनिश्चितकालीन अवकाश जारी रहेगा।

लापता विवाहिता महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब

बयाना । बयाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नयागांव खुर्द से कई दिन पूर्व मायके जाने की कहकर निकली लापता महिला अब खुद थाने पहुंच गई। जिसे पुलिस ने दस्तयाब करने की कार्रवाही की। इस महिला ने पुलिस को बताया कि उसे कोई भी भगाकर नही ले गया। और ना वह कहीं भागी है। बल्कि वह तो अपनी रिष्तेदारी में ही मिलने चली गई थी। जो अब वापस आ गई है। जब उसे पुलिस कार्रवाही का पता लगा कि उसके लापता होने की पुलिस कार्रवाही की गई है तो वह वापस आ गई। पुलिस ने बताया कि इस महिला के पति बंटूसिंह की ओर से दर्ज कराई गुमषुदगी की रिपोर्ट में बताया था कि उसकी पत्नी पूजा गत 9 मई को अपने मायके पुराबाईखेडा जाने की कहकर घर से निकली थी। जो अभी तक ना तो अपने मायके पहुंची है और नही घर पहुची है। यह विवाहिता महिला अपने साथ घर में रखे 50 हजार रूप्ए नगद व करीब 50 हजार के जेवरात भी ले गई। जो दो बच्चों की मां भी है। इस महिला ने पुलिस को नगदी व जेवर साथ ले जाने की बात को भी गलत बताया है।

सार-समाचार

मनरेगा कार्मिकों ने दिया धरना

वैर ।पंचायत समिति में अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कार्मिकों ने धरना दिया तथा मांगे नहीं माने जाने तक कार्य बहिष्कार करेंगे । मनरेगा संविदा कार्मिकों का कहना है कि वे पिछले 17 बर्ष से योजना में नियुक्त होकर कार्य कर रहे है।लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगो पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।सरकार से उनकी मांग है कि कार्यरत संविदा कर्मियों की संख्या के अनुपात में नियमित पदो का सृजन कर उनको समायोजित किया जाए।मनरेगा कार्मिक संघ द्वारा अपनी मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना गुरुवार से पंचायत मुख्यालय पर दिया जा रहा है।इस अवसर पर जे टीए बृजमोहन पुष्प,होरी लाल सैनी,ब्रजेश, जिप्सी मीणा, लेखा सहायक रवि गुप्ता, रोजगार सहायक मनीषा देवी,सत्यवीर ,साहब सिंह कुसुम,विष्णु कुमार शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक सैनीआदि कार्मिक मौजूद रहे ।

अवैध शराब के 54 पव्वे जब्त

बयाना । बयाना कोतवाली पुलिस ने गांव खटोला के पास कार्रवाही कर एक जनें के कब्जे से 54 पव्वे अवैध देशी शराब जब्त की है। जबकि आरोपी मौका पाकर भागने में सफल रहा। जिसकी पहचान कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस एएसआई महेशचंद ने बताया कि आरोपी की पहचान गांव खटोला निवासी षिवसिंह पुत्र भगवानसिंह गुर्जर निवासी बूचा का बेडा के रूप में की गई है।

चम्बल प्रोजेक्ट की धीमी प्रगति का मामला मंत्री की जनसुनवाई में उठाया

भरतपुर (निसं) । पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आये परिवादों में व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्यायें थी, इसके अतिरिक्त विकास कार्यों के सम्बंध में भी कई प्रकरण आये। पर्यटन मंत्री ने कुछ परिवादों में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर ही समाधान करवाया तथा अन्य मामलों में जल्द से जल्द जाँच कर समाधान करने के निर्देश दिये।

चम्बल प्रोजेक्ट की धीमी प्रगति, प्रोजेक्ट की पाइपलाइन बिछाने के काफी समय बाद भी कटी हुई सडकों की मरम्मत न होने या निर्धारित मानक के हिसाब से मरम्मत न होने के प्रकरण जनसुनवाई में आये। इस पर पर्यटन मंत्री ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस कार्य में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन गांवों में अभी पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हुई है, वहाँ आवश्यकता के अनुसार पेयजल टैंकर शुरू करें या टैंकरों की

पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में जनसुनवाई की।

संख्या बढाये। यदि जिले में कहीं भी पेयजल समस्या होती है तो अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने चम्बल प्रोजेक्ट, पीएचईडी और जेवीवीएनएल के अधिकारियों को बेहतर समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये ताकि पेयजल स्रोतों पर अबाध विद्युत सप्लाई सुनिश्चित हो, खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदले जायें तथा नये विद्युत कनेक्शन होने में कम से कम समय लगे।पर्यटन मंत्री को मनरेगा व ग्रामीण विकास के कार्यों संबंधी कई परिवाद दिये गये। इस पर उन्होंने जिला परिषद सीईओ सुशील कुमार को मनरेगा कार्यों की संख्या बढाने, जॉब कार्ड धारकों को प्रपत्र 5 भरवाने के सम्बंध में जागरूक करने, व्यक्गित और सार्वजनिक लाभ के कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का पूर्ण ध्यान रखने, मनरेगा में विभिन्न विभागों की योजनाओं का अधिक से अधिक कन्वर्जेंस करने के निर्देश दिये।

प्याऊ का शुभारंभ

भरतपुर,(निसं) । लक्ष्मण मंदिर पर सैनी मिष्ठान भंडार के सामने रियासत कालीन प्याऊ को पुन जीर्णोद्धार कर प्याऊ का शुभारंभ मुख्य अतिथि केके खंडेलवाल आयुक्त देवस्थान विभाग , रोहित महाराज महंत खाटू श्याम जी , अध्यक्षता पूर्व पार्षद विमलेश ने फीता काटकर एवं शीतल जल पीला कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया । स्थानीय पार्षद कपिल फौजदार ने बताया कि उक्त प्याऊ लगभग 25 वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में बंद पड़ी थी। प्रारंभ कराने में स्थानीय व्यापारी एवं आमजन सहयोग रहा । प्याऊ की जीर्णोद्धार कार्य की देखरेख मदनमोहनगुप्ता, ज्ञानू करोला , जोली सराफ ने की धन्यवाद के पात्र हे दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।। स्थानीय व्यापारी एवं आमजन ने पार्षद कपिल फौजदार का स्वागत सम्मान किया इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर पन्नी कोठारी, बृजेश कौशिक,मदन मोहन गुप्ता, ज्ञानू करोला ,जोली सर्राफ, रज्जो सर्राफ, राकेश सराफ, अशोक तांबी, उमेश चंद शर्मा, योगेश सराफ, इंजीनियर पीयूष शर्मा, कलुआ ठाकुर, विपुल खंडेलवाल, बल्लू भाई, कुन्ना खंडेलवाल, नितेश गुप्ता,संतोष चंचलानी आदि मौजूद थे ।

शर्मा का ब्राह्मण समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मान किया

आलनपुर में सुरेन्द्र शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया

सवाई माधोपुर। अखिल भारतवर्षीय श्रीगुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान में सुरेंद्र शर्मा को प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री बनाए जाने पर कुछ दिनों से ब्राह्मण समाज के लोगों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शर्मा का सम्मान एवं अभिनंदन किया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को आलनपुर में भी शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शंभू दयाल जी दीक्षित, चौथमल शर्मा , गोविंद जी सीठा , बाबूलाल शर्मा , प्रदीप जैन, शंकरलाल , ऋषभ कुमार , मुकेश कुमार , कैलाश चंद, प्रहलाद, पिंटू , गिर्राज , महेंद्र, अनिल, रामअवतार, दिनेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शर्मा को सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

औषधि केन्द्रों पर एक माह की अवधि में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

भरतपुर,(निसं) । जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने आदेश जारी कर जिले में बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए संचालित समस्त ड्रग्स विक्रय करने वाले औषधि केन्द्रों के अन्दर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के निर्देश दिये हैं। आदेशों के तहत राजस्थान स्टेट चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी द्वारा प्रदत्त दिषा-निर्देशों एवं समस्त औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 तथा औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1945 की अनुसूची में एच, एच-1 एवं एक्स श्रेणी की ड्रग्सों के विक्रय से बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 की प्रदत्त शाक्तियों के अन्तर्गत जिले में संचालित समस्त ड्रग्स विक्रय करने वाले औषधि केन्द्रों के अन्दर एवं बाहर एक माह की अवधि में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेशों की अवहेलना करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मजदूरी का पैसा मांगा तो मारपीट, 4 जने घायल

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। समीप के गांव तिघरिया का पूरा में मजदूरी का पैसा मांगने पर टाल मालिक व मजदूर में झगड़ा हो गया। बीच बचाव में झगड़े में मजदूर की मां बहन और मौसी भी घायल हो गई । जिन्हें जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां मौसी की हालत गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। घटना की जानकारी तहरीर के माध्यम से थाने में दे दी गई।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. जेपी मीणा ने बताया कि गांव तिघरिया के पूरा में झगड़ा हो गया मजदूरी के पैसे को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें तिघरिया पूरा निवासी शीला पत्नी भीकम, बेवा लखनबाई, प्रियंका व दिलकेश घायल हो गए। जिनमें शीला की हालत गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया है। बाकी सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दे दिया गया। घायल शीला ने बताया कि उसकी बहन लखनबाई का पुत्र दिलकेश पेड़ खोदने के काम पर गया था। शाम को मजदूरी का पैसा मांगने अपने मालिक पिंटू पुत्र बद्री के पास गया तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया और थप्पड़जड़ दिया।

शाम को मामला शांत हो गया। गुरुवार को जब वह काम पर गया तो पिंटू, बद्री, राकेश व उनके परिजनों ने पुत्र दिलकेश को रास्ते में घेर लिया और मारपीट कर दी।

दिलकेश की चीखने की आवाज सुनकर मेरे साथ बचाने पहुंची मेरी बहन लखनबाई, भतीजी प्रियंका को भी उन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जैसे तैसे लोगों ने जान बचाकर हमें अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस का कहना है कि पीडिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है ।

रक्तचाप की स्क्रीनिंग कर दिया परामर्श

करौली (निंसं.) विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जिले के चिकित्सा संस्थानों पर रक्तचाप की जांच कर उच्च रक्तचाप को नियंत्रण करने हेतु उचित परामर्श और आवश्यक दवाएं प्रदान की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों सहित स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों पर उच्च रक्तचाप की जांच का आयोजन रखा गया। जिसमें 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वालों के रक्तचाप की जांच की गई और उच्च रक्तचाप पाए जाने वालों को इसे नियंत्रण करने एवं आवश्यक दवाओं के लिए परामर्श प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों पर नियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) द्वारा क्षेत्रवासियों को गैर संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

तहसील कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया

भरतपुर (निसं) । पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के द्वारा भरतपुर जिला की नगर तहसील की कार्यकारिणी की बैठक कृष्णा गार्डन मैरिज होम, नगर पर ली गई।

बैठक में पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी ओमवीर सिंह एवं जिला कार्यालय प्रभारी आचार्य विश्वपाल सिंह मौजूद थे। तहसील कार्यकारिणी की बैठक में तहसील कार्यकारिणी का पुर्नगठन किया जाकर प्रहलाद मित्तल को तहसील संरक्षक, भगवानदास गुप्ता को भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी, कैलाशचंद जांगिड को पतंजलि योग समिति प्रभारी, ओमप्रकाश शर्मा को पतंजलि किसान प्रभारी, मुकेश अग्रवाल को युवा भारत प्रभारी, दामोदर दास गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तहसील क्षेत्र में 20 योग कक्षा प्रारम्भ करनी हैं, ग्रामीण क्षेत्र की बडी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 5 दिन का योग शिविर आयोजित किया जाकर योग कक्षाओं को निरंतर जीवित रखना है। प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को तहसील कार्यकारिणी की बैठक की जानी है। गांधी पार्क में कैलाशचंद जांगिड एवं श्रीराम मंदिर पर भगवानदास गुप्ता द्वारा नियमित योग क्लास लगाये जाने पर जिला स्तर से प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। योग साधकों को पतंजलि वैलनेस सेन्टर पर उपचार करने के बारे में विस्तारसे जानकारी दी गई। प्राकृतिक उपचार में एनीमा बस्ती, जलनेति, सूत्र नेती, आईवास करने तथा मर्ड थेरेपी, मिट्टी स्नान, भाप स्नान, बॉडी मशल्स, सिरोधारा आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्राकृतिक उपचार हरिद्वार में लिया जा सकता है। मीटिंग में नगरपालिका नगर के चेयरमैन, भगवान सिंह, रतन सिंह सैनी, सुरेश चंद सिंघल, मुकेश अग्रवाल, श्याम सुन्दर शर्मा, सावित्री देवी, कल्लो, सरोज, सुनीता गोयल, मंजू अग्रवाल, दामोदर, विष्णु कुमार आदि उपस्थित रहे।

जल मन्दिर का शुभारम्भ

हलैना, (निसं) । उपखण्ड क्षेत्र के गांव रन्धीरगढ स्थित राजकीय बालिका विद्यालय की अध्यापिका एवं संगठन अस्तित्व की उडान संभाग प्रभारी बलेश पटेल पोसवाल ने एक कदम महिला सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण की ओर अभियान के तहत मटका पद्वति जल मन्दिर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि जल सेवा ही मानव का सबसे बडा धर्म है,नि:स्वार्थ भाव से सार्वजनिक स्थल एवं घर के आंगन में पेयजल वास्ते प्याऊ लगाए और अन्य स्थान पर प्याऊ लगाने को लोगों को जागरूक करे। उन्होने कहा कि राहगीर को पीने के पानी को मटका पद्वति जल मन्दिर,वाटर कूलर,पक्षियों को परिण्डा एवं पालतू व जंगली जानवरों को मवेशी प्याऊ का निर्माण कराए। उन्होने बताया कि संगठन अस्तित्व की उडान प्रदेशाध्यक्ष अनीता मीणा के निर्देशन में भरतपुर,दौसा, अलवर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, जयपुर जिले में पक्षी हमारे मित्र अभियान के तहत पक्षियों को परिण्डे तथा एक कदम महिला सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण की ओर अभियान के तहत मटका पद्वति जल मन्दिर आदि कार्यक्रम संचालित है।

पेयजल टेंकर सप्लाई करने के निर्देश

भरतपुर (निसं) । प्रत्येक माह के तीसरे गुरूवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से आये लोगों ने सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा और जिला कलेक्टर आलोक रंजन को अपनी समस्यायें बताई। कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान कर शेष मामलों में जल्द से जल्द राहत देने के निर्देश दिये। इस जनसुनवाई में 41 परिवादी शामिल हुए । इस जनसुनवाई में जिला परिषद सीईओ सुशील कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (षहर) रघुनाथ खटीक, यूआईटी सचिव कमलराम मीना, एडीएम (प्रशासन) बीना महावर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में गोपालगढ की रहने वाली एक विधवा महिला श्रम विभाग द्वारा उसके पुत्र की करंट से मौत के बाद श्रमकार्ड पर तीन लाख की बकाया सहायता राषि को दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा कि श्रम विभाग का एक कर्मचारी तीन साल से उसे परेषान कर रहा है और उससे रिष्वत की मांग कर रहा है। रिष्वत नही दिए जाने से उसके काम को नही किया जा रहा है।

यह सुनकर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन चकित रह गए और उन्होनें श्रम विभाग के संभागीय अधिकारी ओपीसारण को बुलाया और कर्मचारी का नम्बर लेकर इस पीडित महिला से बात कराई जिसपर रिष्वत वाली बात आने के बाद अधिकारी नाराज हो गए। और उन्होनें कर्मचारी को एपीओ कर जयपुर भेजने को कहा लेकिन ये बच्चू नामक कर्मचारी संविदा कर्मी बताया गया ।

एकलव्य कॉलेज रीको ऐरिया करौली

आवश्यकता

एकलव्य कॉलेज में निम्न पद पर चयन हेतू U.G.C नियमानुसार योग्य अभ्यार्थियों से दिनांक 25.05.2022 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

प्राचार्य :- 1 पद

वेतन :- नियमानुसार

निदेशक

M.No. 9414033830

Mail ID: yogesh.220276@yahoo.com

चरागाह भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए हुआ सीमा ज्ञान

बामनवास। बामनवास उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र पट्टीकला एवं पट्टीखुर्द स्थित चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एसडीएम के आदेशों पर राजस्व कर्मियों द्वारा पट्टी कला व पट्टी खुर्द स्थित चरागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है.. पट्टी कलावा पट्टी खुर्द कचरा का क्षेत्र का सबसे बड़ा कचरा का होने के साथ यहां पर बड़ी संख्या में वन्य जीव एवं धार्मिक मान्यता का अस्तित्व रखने वाले गोवंश की भी शरण स्थली है.. इस चरागाह में नीलगाय एवं सियार लोमड़ी लेपर्ड हायना शीतल जैसे संरक्षित श्रेणी में आने वाले वन्यजीवों की भी चहल कदमी रहती है.. साथ ही हिंदू धर्म में धार्मिक आस्था रखने वाला गोवंश हजारों की संख्या में इस चरागाह में खुद को सुरक्षित रखता है..चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए गत दिनों उप जिला मजिस्ट्रेट रतनलाल योगी द्वारा गठित एक टीम द्वारा मौके का अवलोकन किया गया था।

पट्टी कलावा पट्टी खुर्द की सामूहिक करीब 1800 बीघा चरागाह भूमि को स्थानीय लोगों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर अतिक्रमण की चपेट में मानते हुए चिन्हित किया गया था। वहीं गत दिनों से लगातार हो रहे अतिक्रमण के बाद गोवंश के सामने आ रही चारे पानी की समस्या को देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा चरागाह को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग जोर-शोर से रखी गई थी इसके पश्चात एसडीएम रतन लाल योगी द्वारा पट्टी कला एवं पट्टी खुर्द स्थित चरागाह को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल की गई है.. तहसील प्रशासन की ओर से गुरुवार को दिन भर चरागाह भूमि का सीमा ज्ञान किया गया। उपखंड अधिकारी रतनलाल योगी के निर्देशों पर तहसीलदार द्वारा इस संबंध में 9 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसको चारागाह भूमि का सीमाज्ञान कर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए हैं।

बामनवास तहसीलदार सुधारानी मीणा के अनुसार टीम में भू अभिलेख निरीक्षक संतोष शर्मा, लक्ष्मीनारायण मीणा, टीकाराम मीणा, वसीम खान, पटवारी राधेश्याम मीणा, अरविंद बैरवा, अनिल शर्मा, शिवप्रसाद गुप्ता एवं भरत सिंह गुर्जर को शामिल किया गया है।

'प्रबोधकों की पदोन्नति शीघ्र हो'

करौली (निंसं.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व प्रदेश के शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रबोधको में से पांच हजार प्रबोधको को पदोन्नति देकर वरिष्ठ प्रबोधक बनाने की घोषणा की गई थी। परंतु खेद का विषय है कि इन पांच हजार प्रबोधकों को आज तक पदोन्नति से वंचित रखा गया है।

इस संबंध में राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 उदय सिंह डिगार ने राज्य के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री समेत उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संपूर्ण वस्तु स्थिति से अवगत करवाया हैं।समग्र शिक्षक संघ करौली के जिलाध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च,जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा,सभा अध्यक्ष हुकम चंद मीणा, हरिओम मीना, भरतलाल जोडली,इमराज डडेला, शंभू सिंह राजपूत,। जिला प्रवक्ता चेतराम मीणा व रामकुमार प्रजापति ने बताया कि प्रबोधक भर्ती अधिनियम 2008 अंतर्गत भाग संख्या 5 के नियम 27 से 30 तक प्रबोधकों से वरिष्ठ प्रबोधक पद पर पदोन्नति का स्पष्ट नियम है।

घटिया सामग्री से हो रहा सड़क निर्माण, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गांव फैलीपुरा से कोटरी होते हुए मोठियापुरा तक हो रहे सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया।

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। समीप के गांव फैलीपुरा से कोटरी होते हुए मोठियापुरा तक हो रहे सडक निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए दर्जनों गांवों के सैंकडों लोगों ने प्रदर्शन कर संवेदक के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है । गौरतलब है कि करौली विधायक लाखन सिंह ने फ़ैलीपुरा से मोठियापुरा शुरू हुए सड़क निर्माण कार्य उद्धघाटन किया था। ग्रामीण कालू राम व नेमी ने बताया की सडक निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है । जिसकों लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है । ग्राामीणों का कहना है कि इस मामले को लेकर पूर्व में लोगों ने करौली विधायक लाखन सिंह से शिकयत कर कार्रवाई करवाने की मांग की थी । बताया जा रहा है कि इस दौरान विधयक ने इस मामले में सडक का निर्मण कार्य रूकवाने व जांच करवाने का आश्वाशन दिया था। आरोप है कि इसके बाबजूद भी ना तो निर्मण कार्य रोका गया और ना ही मामले की कोई जांच ही हुई है । जिसकों लेकर गुरूवार को आस-पास के दर्जनों गावों के सैंकडों लोगों ने प्रइर्शन कर आगामी दो दिवस में कार्रवाई नही होने पर सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण रूप से बंद करवा देने की चेतावनी दी है ।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भरतपुर (राज.)

क्रमांक: संस्था/यूटीबी/2022-23/2573 दिनांक: 16.05.2022

विज्ञप्ति

यूटीबी पर कार्मिक लिये जाने हेतु इस कार्यालय द्वारा विज्ञप्ति क्रमांक 2474 दिनॉक 10.05.2022 एवं संशोधित विज्ञप्ति 2508 दिनॉक 12.05.2022 जारी कर आवेदन आमंत्रित किये गये है जिसमें आवेदन पत्र भरने की अंतिम दिनॉक 17.05.2022 के स्थान पर 20.05.2022 तक की जाती है तथा काउसलिंग फॉर डाक्यूमेन्ट वैरिफिकेशन का कार्यक्रम निम्नानुसार है।

चिकित्सा अधिकारी एवं फार्मासिस्ट	-	दिनांक 25.05.2022 (प्रात: 10.00 बजे से)
जीएनएम	-	दिनांक 26.05.2022 (प्रात: 10.00 बजे से)
लैब टैक्नी. सहा. रे. ग्राफर, ईसीजी टैक्नीशियन एवं लैब सहा.	-	दिनांक 27.05.2022 (प्रात: 10.00 बजे से)

(डा.सुनील शर्मा)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर